लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1379
01 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पाद डिपो

1379. श्री दिलीप सिंह भूरिया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में विद्यमान 'सेल' द्वारा संचालित इस्पात उत्पाद डिपो (एसपीडी) का उनकी क्षमता सहित स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 'सेल' द्वारा राज्य में नए एस पी डी की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) से (ग): सेल के मध्य प्रदेश के भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर में प्रचालनाधीन डिपो (वेयर हाउस) विद्यमान हैं। छोटे ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए सेल का मध्य प्रदेश में 119 डीलरों (34 ग्रामीण डीलरों समेत) का एक नेटवर्क मौजूद है। पूरे मध्य प्रदेश राज्य में ग्राहकों की इस्पात आवश्यकता को ऊपर उल्लिखित डिपो (वेयर हाउस) के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। फिलहाल, मध्य प्रदेश में सेल के किसी अतिरिक्त इस्पात उत्पाद डिपो (वेयर हाउस) की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***